न्यायालय अनुमण्डल पदाधिकारी , लोहरदगा।

(अनुमति वाद संख्या 203/2013–14 धारा– 46 सी0 एन0 टी0 एक्ट)

आदेश

आवेदक **श्री बुधराम उराँव पिता स्व0 बुधुवा उराँव** जात उराँव साकिन **बदला डुमर टोली** थाना सेन्हा जिला लोहरदगा के द्वारा सी0 एन0 टी0 एक्ट की धारा 46 के तहत आवेदन पत्र दिया गया है कि उन्हें मौजा बदला के निम्नालिखत जमीन को बिक्री करने का अनुमति प्रदान की जाय।

आवेदित भूमि का विवरण

मौजा	थाना	थाना नं0	खाता नं0	प्लाट नं0	रकबा
बदला	सेन्हा	148	436	2052	में से 0.12 ए0

आवेदक से प्राप्त आवेदन पत्र को ग्रहण करते हुए सम्बंधित मौजा के नाम आम ईश्तिहार नोटिश जारी किया गया कि उक्त जमीन को बिक्री करने के विरूद्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो, तो वे अपनी आपत्ति आवेदन पत्र न्यायालय में उपस्थित हो कर दाखिल करें। साथ ही आवेदक से प्राप्त आवेदन पत्र की प्रति भेजते हुए अंचल अधिकारी **सेन्हा** से जांच प्रतिवेदन की मांग की गई। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति आवेदन पत्र दर्ज नही हुआ।

अंचल अधिकारी **सेन्हा** ने अपने पत्रांक **526** दिनांक **04.10.2013** द्वारा अपना जांच प्रतिवेदन समर्पित किया है। अंचल अधिकारी **सेन्हा** द्वारा प्रतिवेदित किया गया हैं कि आवेदक के पास कुल **5.21½ एकड** जमीन है एवं जमीन बिक्री करने बाद आवेदित खाता में **5.09½ एकड़** भूमि बचता है। जमीन का वर्तमान मुल्य **15,000/–** रू0 प्रति डिसमिल है। आवेदक मकान **बनाने एवं निजी कार्य** हेतु जमीन बिक्री करना चाहते हैं। जमीन आवेदक की **खतियानी रैयती** है। आवेदक खतियानी रैयत नही है। खतियान में गुना उराँव वो गंजया उराँव पिता मधिया उराँव वो बुधवा उराँव पिता गोरा उराँव का नाम दर्ज है। आवेदक खतियानी रैयत के पौत्र हैं। प्रासंगिक भूमि का जमाबंदी पंजी –।। निर्मल उराँव पिता रेडेंया उराँव वो सोमा उराँव, बुधराम उराँव वो माड़ु उराँव पिता डोमना उराँव वो सोमरा उराँव पिता आयता उराँव, सोहराई उराँव पिता गुंजैवा उराँव, बुधवा उराँव पिता गौरा उराँव के नाम पर चल रहा है। विक्रेता एंव क्रेता एक ही थाना सेन्हा के निवासी है। जमीन का श्रेणी **टांड़–।।** हैं।

इस क्रम में आवेदक का भी बयान लिया गया आवेदक के द्वारा बतलाया गया कि मौजा सेन्हा के अन्तर्गत खाता नं0 – **436**, प्लाट नं0 – **2052** में से रकबा **0.12 एकड** जनीन को **श्रीमती शांति देवी** पति **श्री टिपुन असुर** जात असुर साकिन बदला थाना सेन्हा जिला लोहरदगा के साथ जमीन की बिक्री मकान बनाने एवं निजी कार्य हेतु आवेदन दिया हूँ।

क्रमश........2